तुरंत जारी करने हेतु

(प्रेस विज्ञप्ति सं. 03/2017)

प्रेस के लिए सूचना नोट

TRAI

# भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

नई दिल्ली, 09 जनवरी, 2017

(www.trai.gov.in)

## 31 अक्टूबर, 2016 को समाप्त मासिक अवधि के अनुसार दूरसंचार उपभोक्ता डाटा से संबंधित मुख्य बातें

| विवरण | वायरलैस | वायरलाइन | कुल (वायरलैस + वायरलाइन) |
|---|---|---|---|
| **टेलीफोन उपभोक्ताओं की कुल संख्या (मिलियन में)** | **1,078.42** | **24.52** | **1,102.94** |
| अक्टूबर, 2016 में जुड़े निबल नए उपभोक्ता (मिलियन में) | 28.68 | 0.02 | 28.70 |
| मासिक वृद्धि दर | 2.73% | 0.10% | 2.67% |
| **शहरी टेलीफोन उपभोक्ताओं की संख्या (मिलियन में)** | **621.77** | **20.61** | **642.37** |
| अक्टूबर, 2016 में जुड़े निबल नए उपभोक्ता (मिलियन में) | 17.96 | 0.03 | 18.00 |
| मासिक वृद्धि दर | 2.97% | 0.17% | 2.88% |
| **ग्रामीण टेलीफोन उपभोक्ताओं की संख्या (मिलियन में)** | **456.66** | **3.91** | **460.57** |
| अक्टूबर, 2016 में जुड़े निबल नए उपभोक्ता (मिलियन में) | 10.72 | -0.01 | 10.71 |
| मासिक वृद्धि दर | 2.40% | -0.26% | 2.38% |
| **समग्र दूरसंचार–घनत्व *** | **84.34** | **1.92** | **86.25** |
| शहरी दूरसंचार–घनत्व* | 155.35 | 5.15 | 160.50 |
| ग्रामीण दूरसंचार–घनत्व* | 51.98 | 0.45 | 52.43 |
| शहरी उपभोक्ताओं की हिस्सेदारी | 57.66% | 84.04% | 58.24% |
| ग्रामीण उपभोक्ताओं की हिस्सेदारी | 42.34% | 15.96% | 41.76% |
| **ब्रॉडबैंड उपभोक्ताओं की संख्या (मिलियन में)** | **200.49** | **17.93** | **218.42** |

- अक्टूबर, 2016 के माह में 4.93 मिलियन उपभोक्ताओं ने मोबाइल नम्बर पोर्टिबिलिटी (एमएनपी) हेतु अपने अनुरोध दर्ज करवाए हैं। इसके साथ ही एमएनपी आरंभ होने के तिथि से, सितंबर, 2016 के अंत तक संचयी एमएनपी अनुरोध 239.46 मिलियन से बढ़कर अक्टूबर, 2016 के अंत तक 244.39 मिलियन हो गया।

- अक्टूबर, 2016 के अंत तक सक्रिय वायरलैस उपभोक्ताओं (अधिकतम वीएलआर# की तिथि पर) की संख्या 970.47 मिलियन थी।

**नोट :**


– इस प्रेस विज्ञप्ति में उपलब्ध कराई गई जानकारी सेवा प्रदाताओं के द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों पर आधारित है।


* महापंजीयक के कार्यालय तथा भारतीय जनगणना आयुक्त द्वारा प्रकाशित किए गए जनगणना के आंकड़ों से लगाए गए जनसंख्या के अनुमान पर आधारित।

\# विजिटर लोकेशन रजिस्टर का संक्षिप्ताक्षर वीएलआर है। विभिन्न टीएसपी हेतु अधिकतम वीएलआर की तिथि, विभिन्न सेवा क्षेत्रों में अलग–अलग है।

## I. कुल टेलीफोन उपभोक्ता


- सितंबर, 2016 के अंत तक देश में टेलीफोन उपभोक्ताओं की संख्या 1,074.24 मिलियन से बढ़कर अक्टूबर, 2016 के अंत तक 1,102.94 हो गई जिसमें मासिक वृद्धि दर 2.67 प्रतिशत रही। सितंबर, 2016 के अंत तक शहरी उपभोक्ताओं की संख्या 624.38 मिलियन से बढ़कर अक्टूबर, 2016 के अंत तक 642.37 मिलियन हो गई जबकि इसी अवधि के दौरान ग्रामीण उपभोक्ताओं की संख्या 449.86 मिलियन से बढ़कर 460.57 मिलियन हो गई। अक्टूबर, 2016 के माह के दौरान शहरी और ग्रामीण उपभोक्ताओं की मासिक वृद्धि दर क्रमशः 2.88 प्रतिशत तथा 2.38 प्रतिशत रही।




- सितंबर, 2016 के अंत तक देश में समग्र दूरसंचार घनत्व 84.09 से बढ़कर अक्टूबर, 2016 के अंत तक 86.25 हो गया। शहरी दूरसंचार घनत्व सितंबर, 2016 के अंत तक 156.24 से बढ़कर अक्टूबर, 2016 के अंत तक 160.50 हो गया और ग्रामीण दूरसंचार घनत्व सितंबर, 2016 के अंत तक 51.24 से बढ़कर अक्टूबर, 2016 के अंत तक 52.43 हो गया। अक्टूबर, 2016 के अंत तक शहरी और ग्रामीण उपभोक्ताओं की हिस्सेदारी कुल टेलिफोन उपभोक्ताओं की संख्या में क्रमशः 58.24 प्रतिशत तथा 41.76 प्रतिशत थी।

## दिनांक 31 अक्टूबर, 2016 की स्थिति के अनुसार समग्र दूरसंचार–घनत्व (सेवाक्षेत्र/राज्यवार)




**नोट :**

1. जनसंख्या आंकड़े/अनुमान केवल राज्यवार ही उपलब्ध हैं।
2. दूरसंचार घनत्व के आंकड़ों को टेलीफोन सेवा प्रदाताओं के द्वारा उपलब्ध कराए गए उपभोक्ताओं की संख्या के आंकड़ों तथा भारत के महापंजीयक तथा जनगणना आयुक्त के कार्यालय द्वारा प्रकाशित जनसंख्या के अनुमानों के आधार पर गणना की गई है।
3. दिल्ली के लिए टेलीफोन उपभोक्ताओं की संख्या के आंकड़ों में दिल्ली राज्य के आंकड़ों के अलावा, गाजियाबाद, और नोएडा (उत्तर प्रदेश में स्थित) तथा गुड़गांव और फरीदाबाद (हरियाणा में स्थित) के स्थानीय एक्सचेजों के दायरे में आने वाले क्षेत्रों हेतु वायरलैस उपभोक्ताओं की संख्या के आंकड़े शामिल हैं।
4. पश्चिम बंगाल में कोलकाता, महाराष्ट्र में मुंबई, तमिलनाडू में चेन्नई तथा उत्तर प्रदेश में उ0प्र0(पूर्व) एवं उ0प्र0(पश्चिम) सेवा क्षेत्रों की सूचनायें शामिल है।
5. ऑघ्र प्रदेश में तेलंगाना, बिहार में झारखंड, मध्य प्रदेश में छत्तीशगढ़, महाराष्ट्र में गोवा, उत्तर प्रदेश में उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल में सिक्किम तथा उत्तर–पूर्व में अरूणाचल प्रदेश, मनिपुर, मेघालय, मिजारम, नागालैंड एवं त्रिपुरा राज्यों को शामिल किया गया है।

## II. श्रेणीवार वृद्धि

**अक्टूबर, 2016 माह में टेलीफोन उपभोक्ताओं की संख्या में सेवा क्षेत्र श्रेणीवार जोड़े गए निबल नए उपभोक्ता**

| सेवा क्षेत्र श्रेणी | अक्टूबर, 2016 के माह में जोड़े गए निबल नए उपभोक्ता | | दिनांक 31 अक्टूबर, 2016 की स्थिति के अनुसार उपभोक्ताओं की संख्या | |
|---|---|---|---|---|
| | वायरलाइन | वायरलैस | वायरलाइन | वायरलैस |
| श्रेणी – क | 6,796 | 9,908,165 | 9,656,954 | 377,846,388 |
| श्रेणी – ख | -11,194 | 10,495,366 | 6,571,855 | 430,728,366 |
| श्रेणी – ग | 3,738 | 4,207,980 | 1,183,233 | 162,253,256 |
| महानगर | 24,784 | 4,068,577 | 7,106,683 | 107,594,205 |
| अखिल भारतीय | **24,124** | **28,680,088** | **24,518,725** | **1,078,422,215** |

**अक्टूबर, 2016 माह में सेवा क्षेत्र श्रेणीवार टेलीफोन उपभोक्ताओं की संख्या में मासिक एवं वार्षिक प्रतिशत वृद्धि दर**

| सेवा क्षेत्र श्रेणी | मासिक वृद्धि दर (प्रतिशत में) (सितंबर, 2016 से अक्टूबर, 2016 तक) | | वार्षिक वृद्धि दर (प्रतिशत में) ( अक्टूबर, 2015 से अक्टूबर, 2016 तक) | |
|---|---|---|---|---|
| | वायरलाइन | वायरलैस | वायरलाइन | वायरलैस |
| श्रेणी – क | 0.07 | 2.69 | -6.38 | 6.89 |
| श्रेणी – ख | -0.17 | 2.50 | -7.67 | 8.43 |
| श्रेणी – ग | 0.32 | 2.66 | -6.94 | 7.62 |
| महानगर | 0.35 | 3.93 | -0.58 | 5.52 |
| अखिल भारतीय | **0.10** | **2.73** | **-5.16** | **7.47** |


**नोट :** सेवाक्षेत्र श्रेणी महानगर में दिल्ली, मुंबई और कोलकाता शामिल हैं। चेन्नई के आंकड़ों को तमिलनाडु के भाग के रूप में सेवाक्षेत्र श्रेणी 'क' में सम्मिलित किया गया है।


- जैसा कि उपर्युक्त तालिकाओं में देखा जा सकता है कि अक्टूबर, 2016 के दौरान वायरलैस क्षेत्र में, श्रेणी 'ख' के सेवा क्षेत्रों में निबल उपभोक्ताओं की संख्या में सर्वाधिक वृद्धि हुई है। हालांकि इसी दौरान महानगर सेवा क्षेत्रों में उपभोक्ताओं की संख्या में सर्वाधिक वृद्धि दर दर्ज की गई है।

- वायरलाइन क्षेत्र में, अक्टूबर, 2016 के दौरान महानगर सेवा क्षेत्रों ने उपभोक्ताओं की संख्या में सर्वाधिक निबल वृद्धि हुई है। इसी दौरान श्रेणी 'ख' के सेवा क्षेत्रों ने वायरलाईन उपभोक्ताओं की संख्या में मासिक ह्रास दर दर्शाया है।

## III. वायरलैस टेलीफोन उपभोक्ता

- सितंबर, 2016 के अंत तक कुल वायरलैस टेलीफोन उपभोक्ताओं की संख्या 1,049.74 मिलियन से बढ़कर अक्टूबर, 2016 के अंत तक 1,078.42 मिलियन हो गया तथा मासिक वृद्धि दर 2.73 प्रतिशत दर्ज की गई। शहरी क्षेत्रों में वायरलैस उपभोक्ताओं की संख्या सितंबर, 2016 के अंत तक 603.80 मिलियन से बढ़कर अक्टूबर, 2016 के अंत तक 621.77 मिलियन हो गई जबकि इसी अवधि के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में वायरलैस उपभोक्ताओं की संख्या 445.94 मिलियन से बढ़कर 456.66 मिलियन हो गई। शहरी और ग्रामीण वायरलैस उपभोक्ताओं की संख्या में मासिक वृद्धि दर क्रमशः 2.97 प्रतिशत तथा 2.40 प्रतिशत रही।






- सितंबर, 2016 के अंत तक वायरलैस दूरसंचार घनत्व 82.17 से बढ़कर अक्टूबर, 2016 के अंत तक 84.34 हो गया। शहरी क्षेत्रों में अक्टूबर, 2016 के अंत में वायरलैस दूरसंचार घनत्व 151.10 से बढ़कर 155.35 हो गया तथा ग्रामीण वायरलैस दूरसंचार घनत्व भी 50.80 से बढ़कर 51.98 हो गया। अक्टूबर, 2016 के अंत तक शहरी तथा ग्रामीण वायरलैस उपभोक्ताओं की हिस्सेदारी कुल वायरलैस उपभोक्ताओं की संख्या में क्रमशः 57.66 प्रतिशत तथा 42.34 प्रतिशत थी। वायरलैस उपभोक्ताओं की संख्या का विस्तृत आंकड़ा अनुलग्नक–I में उपलब्ध हैं।

- दिनांक 31 अक्टूबर, 2016 की स्थिति के अनुसार, निजी टेलिफोन सेवा प्रदाताओं के पास वायरलैस उपभोक्ताओं की संख्या का 90.86 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी थी जबकि दो सार्वजनिक क्षेत्रों के टेलिफोन सेवा प्रदाताओं नामतः बीएसएनएल तथा एमटीएनएल के पास केवल 9.14 प्रतिशत बाजार की हिस्सेदारी थी। वायरलैस उपभोक्ताओं की संख्या में निवल नए ग्राहकों के शामिल होने को रेखाचित्र के रूप में नीचे प्रदर्शित किया गया हैः–

**दिनांक 31 अक्टूबर, 2016 की स्थिति के अनुसार एक्सेस सेवा प्रदातावार वायरलैस उपभोक्ता आधार की बाजार हिस्सेदारी**




**अक्टूबर, 2016 के माह के दौरान टेलीफोन सेवा प्रदाताओं के वायरलैस उपभोक्ताओं की संख्या में जोड़े गए निबल नए उपभोक्ता**




## IV. सक्रिय वायरलैस उपभोक्ता (वीएलआर आंकड़े)

- अक्टूबर, 2016 के माह में अधिकतम वीएलआर की तिथि पर कुल वायरलैस उपभोक्ताओं की संख्या (1,078.42 मिलियन) में से 970.47 मिलियन वायरलैस उपभोक्ता सक्रिय थे। कुल उपभोक्ताओं की संख्या की तुलना में सक्रिय वायरलैस उपभोक्ताओं का अनुपात लगभग 89.99 प्रतिशत था।


- अक्टूबर, 2016 के माह में अधिकतम वीएलआर की तिथि पर सक्रिय वायरलैस उपभोक्ताओं (जिसे वीएलआर उपभोक्ता भी कहा जाता है) के अनुपात के विस्तृत आंकड़े **अनुलग्नक–II** में उपलब्ध हैं तथा वीएलआर उपभोक्ताओं की संख्या की जानकारी प्रदान करने हेतु उपयोग की गई पद्धति **अनुलग्नक– IV** में उपलब्ध है।

**अक्टूबर, 2016 माह के दौरान का टेलीफोन सेवा प्रदातावार वीएलआर उपभोक्ताओं का अनुपात**





**नोट :** आइडिया सेल्युलर के नेटवर्क पर इनरोमर्स की बड़ी संख्या के कारण उनके वीएलआर उपभोक्ताओं की संख्या कुल उपभोक्ताओं की संख्या की तुलना में अधिक रही।

## अक्टूबर, 2016 माह के दौरान सेवा क्षेत्रवार वीएलआर उपभोक्ताओं का अनुपात





## V. वायरलैस उपभोक्ताओं की वृद्धि दर

### अक्टूबर, 2016 माह के दौरान एक्सेस सेवा–प्रदातावार वायरलैस उपभोक्ता आधार में मासिक वृद्धि दर



**अक्टूबर, 2016 माह के दौरान सेवा–क्षेत्रवार वायरलैस उपभोक्ता आधार में मासिक वृद्धि दर**




- अक्टूबर, 2016 के माह के दौरान सभी सेवा क्षेत्रों में वायरलैस उपभोक्ताओं की संख्या में वृद्धि दर्ज की गई है। इस दौरान जम्मू एवं कश्मीर सेवा क्षेत्र में वायरलैस उपभोक्ताओं की संख्या में सर्वाधिक विकास दर दर्ज की गई।

## VI. मोबाइल नम्बर पोर्टेबिलिटी (एमएनपी)

- अंतःसेवा–क्षेत्रीय मोबाइल नम्बर पोर्टेबिलिटी (एमएनपी) को प्रथमतया दिनांक 25.11.2010 से हरियाणा सेवा क्षेत्र में तथा दिनांक 21.01.2011 से देश के अन्य सभी भागों में लागू किया गया था। दिनांक 03.07.2015 से देश में अंतर्सेवा–क्षेत्रीय एमएनपी लागू किया गया है। अब, वायरलैस टेलीफोन उपभोक्ता एक सेवा क्षेत्र से दूसरे सेवा क्षेत्र में विस्थापित होने पर अपना मोबाइल नम्बर यथावत् रख सकते हैं।

- अक्टूबर, 2016 के माह में कुल 4.93 मिलियन टेलीफोन उपभोक्ताओं से एमएनपी के लिए अनुरोध प्राप्त हुए। इसके साथ ही एमएनपी के आरंभ होने के तिथी से, संचयी एमएनपी अनुरोध सितंबर, 2016 के अंत तक 239.46 मिलियन की तुलना में बढ़कर अक्टूबर, 2016 के अंत तक 244.39 मिलियन हो गया।

- एमएनपी क्षेत्र–I (उत्तरी तथा पश्चिम भारत) में राजस्थान में (लगभग 20.66 मिलियन) सबसे अधिक अनुरोध प्राप्त हुए जिसके बाद गुजरात में (लगभग 18.03 मिलियन) अनुरोध प्राप्त हुए हैं।

- एमएनपी क्षेत्र–II (दक्षिण तथा पूर्वी भारत) में सबसे अधिक अनुरोध कर्नाटक में (लगभग 27.08 मिलियन) प्राप्त हुए हैं जिसके बाद आंध्र प्रदेश में (लगभग 22.56 मिलियन) अनुरोध प्राप्त हुए हैं।

| अक्टूबर, 2016 के अंत तक सेवा क्षेत्र–वार एमएनपी हेतु दर्ज अनुरोध | | | |
|---|---|---|---|
| जोन–I | | जोन–II# | |
| सेवा क्षेत्र | पोर्टिंग अनुरोधों की संख्या | सेवा क्षेत्र | पोर्टिंग अनुरोधों की संख्या |
| दिल्ली | 10008768 | आन्ध्र प्रदेश | 22557309 |
| गुजरात | 18034248 | असम | 1219407 |
| हरियाणा | 9554272 | बिहार | 9246838 |
| हिमाचल प्रदेश | 870000 | कर्नाटक | 27079640 |
| जम्मू और कश्मीर | 95846 | केरल | 7095524 |
| महाराष्ट्र | 16668483 | कोलकाता | 5250786 |
| मुंबई | 13575900 | मध्य प्रदेश | 17097257 |
| पंजाब | 8684005 | उत्तर–पूर्व | 484494 |
| राजस्थान | 20663548 | ओड़ीशा | 4974015 |
| उत्तर प्रदेश–पूर्व | 11872944 | तमिलनाडु | 15352603 |
| उत्तर प्रदेश–पश्चिम | 11003691 | पश्चिम बंगाल | 12999374 |
| कुल | **121,031,705** | कुल | **123,357,247** |
| कुल (जोन–I + जोन–II) | | | **244,388,952** |
| जोड़े गए निवल उपभोक्ता (सितंबर, 2016 माह में) | | | **4,926,000** |

# अक्टूबर, 2016 माह के लिए जोन–II का उपलब्ध एमएनपी डाटा अनंतिम है।

## VII. वायरलाइन उपभोक्ता


- वायरलाइन उपभोक्ताओं की संख्या सितंबर, 2016 के अंत तक 24.49 मिलियन से बढ़कर अक्टूबर, 2016 के अंत तक 24.52 मिलियन हो गया। अक्टूबर, 2016 माह में 0.10 प्रतिशत की मासिक वृद्धि दर के साथ वायरलाइन उपभोक्ताओं की संख्या में निवल वृद्धि 0.02 मिलियन हुई। अक्टूबर, 2016 के अंत में कुल वायरलाइन उपभोक्ताओं में शहरी तथा ग्रामीण उपभोक्ताओं की हिस्सेदारी क्रमशः 84.04 प्रतिशत तथा 15.96 प्रतिशत रही।

- समग्र वायरलाइन दूरसंचार घनत्व अक्टूबर, 2016 के अंत में 1.92 अर्थात सितंबर, 2016 के जैसा ही रहा। इसी दौरान शहरी तथा ग्रामीण वायरलाइन दूरसंचार घनत्व क्रमशः 5.15 तथा 0.45 रहा।


- दो सार्वजनिक क्षेत्रों के सेवा प्रदाताओं यथा बीएसएनएल तथा एमटीएनएल के पास वायरलाइन बाजार की 70.82 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। वायरलाइन उपभोक्ताओं की संख्या के विस्तृत आंकड़े **अनुलग्नक–III** में उपलब्ध हैं।

- अक्टूबर, 2016 माह में वायरलाइन क्षेत्र में टेलीफोन सेवा प्रदातावार बाजार की हिस्सेदारी तथा वायरलाइन उपभोक्ताओं की संख्या में जुड़े निवल नये ग्राहकों को नीचे रेखाचित्र में प्रदर्शित किया गया है:–

**दिनांक 31 अक्टूबर, 2016 की स्थिति के अनुसार एक्सेस सेवा प्रदातावार वायरलाइन उपभोक्ता आधार की बाजार हिस्सेदारी**




**अक्टूबर, 2016 माह में टेलीफोन सेवा प्रदाताओं के वायरलाइन उपभोक्ताओं की संख्या में जोड़े गए/कम हुए निबल नए उपभोक्ता**



## VIII. ब्रॉडबैंड सेवा (512 केबीपीएस अथवा उससे अधिक डाउनलोड स्पीड)

- सेवा प्रदाताओं से प्राप्त रिपोर्टों के अनुसार, सितंबर, 2016 के अंत तक ब्रॉडबैंड उपभोक्ताओं की संख्या 192.20 मिलियन से बढ़कर अक्टूबर, 2016 के अंत में 218.42 मिलियन हो गई जिसमें मासिक वृद्धि दर 13.59 प्रतिशत रही। श्रेणीवार ब्रॉडबैंड उपभोक्ताओं की संख्या तथा उनकी मासिक वृद्धि दर नीचे दी गई हैः


**अक्टूबर, 2016 माह में ब्रॉडबैंड उपभोक्ता आधार तथा उनकी मासिक वृद्धि दर**

| विवरण | ब्रॉडबैंड उपभोक्ताओं की संख्या (मिलियन में) | | अक्टूबर, 2016 माह में मासिक वृद्धि दर (प्रतिशत) |
|---|---|---|---|
| | दिनांक 30 सितंबर, 2016 की स्थिति के अनुसार | दिनांक 31 अक्टूबर, 2016 की स्थिति के अनुसार | |
| वायरलाईन उपभोक्ताओं की संख्या | 17.84 | 17.93 | 0.54% |
| मोबाइल उपकरण उपयोगकर्ता (फोन तथा डॉन्गल) | 173.87 | 199.90 | 14.97% |
| फिक्सड वायरलैस उपभोक्ता (वाई–फाई, वाई–मैक्स, प्वाईंट–टू–प्वाईंट रेडियो और वीएसएटी) | 0.60 | 0.60 | 0.0% |
| **कुल** | **192.30** | **218.42** | **13.59%** |

- अक्टूबर, 2016 के अंत तक सबसे बड़े पांच सेवा प्रदाताओं की बाजार हिस्सेदारी कुल ब्रॉडबैंड उपभोक्ताओं की संख्या का 80.36 प्रतिशत रही। ये सेवा प्रदाता भारती एयरटेल (48.17 मिलियन), वोडाफोन (40.19 मिलियन), रिलायंस जियो (35.94 मिलियन), आइडिया सेल्युलर (29.76 मिलियन) तथा बीएसएनएल (21.46 मिलियन) थे।

- ब्रॉडबैंड सेवाओं की सेवा प्रदातावार बाजार हिस्सेदारी का रेखाचित्रवार प्रदर्शन आगे किया गया हैः

**दिनांक 31.10.2016 की स्थिति के अनुसार ब्रॉडबैंड (वायर्ड +वायरलैस) सेवाओं की सेवा प्रदातावार बाजार हिस्सेदारी**




**नोट :** कुछ वायरलैस सेवा प्रदाता निर्धारित न्यूनतम उपयोग के आधार पर कभी–कभार डाटा सेवा प्राप्त करने वाला डाटा उपयोगकर्ताओं को अपने उपभोक्ताओं की संख्या से पृथक रखते हैं।

- दिनांक 31 अक्टूबर, 2016 की स्थिति के अनुसार वायरलाईन सेवा प्रदान करने वाले पॉच सबसे बड़े ब्रॉडबैंड सेवा प्रदाताओं में बीएसएनएल (9.94 मिलियन), भारती एयरटेल (1.95 मिलियन), अत्रिया कन्वर्जेंस टेक्नॉलाजी (1.12 मिलियन), एमटीएनएल (1.06 मिलियन) तथा यू–ब्रॉडबैंड इंडिया प्रा0 लि0 (0.59 मिलियन) थे।

- दिनांक 31 अक्टूबर, 2016 की स्थिति के अनुसार पॉच सबसे बड़े वायरलैस ब्रॉडबैंड सेवा प्रदाताओं में भारती एयरटेल (46.22 मिलियन), वोडाफोन (40.19 मिलियन), रिलायंस जियो (35.94 मिलियन), आइडिया सेल्युलर (29.76 मिलियन) तथा रिलायंस कम्यूनिकेशन्स (16.95 मिलियन) थे।

किसी भी प्रकार के स्पष्टीकरण के लिए कृपया संपर्क करें

**श्रीमती विनोद कोतवाल, सलाहकार (एफएंडईए),**
भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण
महानगर दूरसंचार भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग,
नई दिल्ली–110 002
फोन–011–2323 0752
फैक्स–011–2323 6650
ई–मेलः advfea1@trai.gov.in

जारी करने के लिए प्राधिकृतः

**(विनोद कोतवाल)**
**सलाहकार (एफएंडईए)**

# वायरलैस उपभोक्ताओं की संख्या

अनुलग्नक–1

| सेवा क्षेत्र | सेवा प्रदाता समूह | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | भारती | | रिलायन्स | | वोडाफोन | | टाटा | | आइडिया | | एयरसेल | |
| | **सितंबर, 2016** | **अक्टूबर, 2016** | **सितंबर, 2016** | **अक्टूबर, 2016** | **सितंबर, 2016** | **अक्टूबर, 2016** | **सितंबर, 2016** | **अक्टूबर, 2016** | **सितंबर, 2016** | **अक्टूबर, 2016** | **सितंबर, 2016** | **अक्टूबर, 2016** |
| आन्ध्र प्रदेश | 24494705 | 24749200 | 3958524 | 3725462 | 6912483 | 6998696 | 4360932 | 4294450 | 16117217 | 16788412 | 2515070 | 2530099 |
| असम | 6204577 | 6239681 | 1388329 | 1383658 | 3855986 | 3898309 | | | 1174550 | 1228166 | 5567244 | 5598124 |
| बिहार | 29246581 | 29600178 | 3415983 | 3408443 | 9307676 | 9456972 | 1594301 | 1534520 | 11037306 | 11404887 | 7346370 | 7371054 |
| दिल्ली | 11432142 | 11434620 | 5539409 | 5482864 | 10423973 | 10478494 | 1813846 | 1794749 | 6260193 | 6404587 | 6616495 | 6663544 |
| गुजरात | 8711270 | 8771087 | 5998180 | 5972082 | 19591031 | 19631476 | 2869996 | 2765325 | 12216554 | 12658749 | 17063 | 17063 |
| हरियाणा | 3333550 | 3352379 | 1544821 | 1522506 | 5546922 | 5642373 | 2881912 | 2804167 | 4790900 | 4951348 | 3092 | 3092 |
| हिमाचल प्रदेश | 2917431 | 2923720 | 1595450 | 1551574 | 733571 | 735809 | 60505 | 58110 | 815076 | 827195 | 1106934 | 1113205 |
| जम्मू और कश्मीर | 3072866 | 3324153 | 966307 | 968492 | 831343 | 907325 | | | 439938 | 554082 | 2732907 | 2771757 |
| कर्नाटक | 21630732 | 21772639 | 5138066 | 5139715 | 7808376 | 7801048 | 7047464 | 6930248 | 8759326 | 9325866 | 3288019 | 3310214 |
| केरल | 4530673 | 4539252 | 1451767 | 1451102 | 7693378 | 7712400 | 1516213 | 1469934 | 10811853 | 11010120 | 365865 | 373997 |
| कोलकाता | 4825039 | 4827302 | 4237250 | 4286977 | 5575130 | 5577313 | 2732120 | 2693759 | 2213046 | 2306820 | 4242022 | 4273414 |
| मध्य प्रदेश | 13374101 | 13497678 | 10110279 | 9525891 | 6906951 | 6929061 | 4848026 | 4677087 | 22040127 | 23038435 | 20694 | 20694 |
| महाराष्ट्र | 13657217 | 13790077 | 4402118 | 4425251 | 18566063 | 18650321 | 6208842 | 6103078 | 24038879 | 24762568 | 2706361 | 2722427 |
| मुंबई | 6044841 | 6084684 | 4897371 | 4910854 | 8882520 | 8941933 | 3007508 | 2888462 | 4233013 | 4361482 | 2972202 | 2955680 |
| उत्तर–पूर्व | 4015546 | 4062161 | 385134 | 393699 | 1619313 | 1628889 | | | 525281 | 544741 | 3438367 | 3411587 |
| ओड़ीशा | 10760636 | 10849418 | 2215616 | 2219397 | 4180247 | 4226332 | 2119177 | 2059818 | 1799105 | 1868371 | 4710912 | 4721724 |
| पंजाब | 8217016 | 8285945 | 1645613 | 1610204 | 5178416 | 5196406 | 2686383 | 2647713 | 6465841 | 6613083 | 1145068 | 1155973 |
| राजस्थान | 19909190 | 20134397 | 5967544 | 5961138 | 11925936 | 11896389 | 1489737 | 1475013 | 7586197 | 7898707 | 6608299 | 6602752 |
| तमिलनाडु (चेन्नई सहित) | 18028189 | 18038345 | 5270631 | 5208564 | 15874774 | 15906724 | 4352874 | 4245753 | 6351281 | 6424623 | 21788965 | 21779029 |
| उत्तर (प्रदेश–पूर्व) | 21772412 | 22033440 | 8164195 | 8145549 | 19395061 | 19460130 | 3811096 | 3719231 | 10892972 | 11228182 | 7133542 | 7077305 |
| उत्तर प्रदेश (पश्चिम) | 8432337 | 8502777 | 5504703 | 5473352 | 11378616 | 11526623 | 3254999 | 3152670 | 14635159 | 15105586 | 785317 | 799081 |
| पश्चिम बंगाल | 15329615 | 15454463 | 3362695 | 3400310 | 18533481 | 18697878 | 397849 | 386724 | 5612524 | 5847919 | 5030171 | 5072346 |
| **कुल** | **259940666** | **262267596** | **87159985** | **86167084** | **200721247** | **201900901** | **57053780** | **55700811** | **178816338** | **185153929** | **90140979** | **90344161** |
| **जुड़े नए उपभोक्ताओं की निबल संख्या** | | 2326930 | | -992901 | | 1179654 | | -1352969 | | 6337591 | | 203182 |

## वायरलैस उपभोक्ताओं की संख्या

अनुलग्नक–1 (निरंतर)

| | सेवा प्रदाता समूह | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सेवा क्षेत्र | बीएसएनएल | | एमटीएनएल | | टेलीनॉर | | सिस्टेमा | | क्वाड्रेन्ट | | रिलायंस जियो | | कुल | |
| | सितंबर, 2016 | अक्टूबर, 2016 | सितंबर, 2016 | अक्टूबर, 2016 | सितंबर, 2016 | अक्टूबर, 2016 | सितंबर, 2016 | अक्टूबर, 2016 | सितंबर, 2016 | अक्टूबर, 2016 | सितंबर, 2016 | अक्टूबर, 2016 | सितंबर, 2016 | अक्टूबर, 2016 |
| आन्ध्र प्रदेश | 9722463 | 9724480 | | | 5467802 | 5497182 | | | | | 1237466 | 3116678 | 74786662 | 77424659 |
| असम | 1393454 | 1404494 | | | | | | | | | 252467 | 449914 | 19836607 | 20202346 |
| बिहार | 3771984 | 3883688 | | | 9855323 | 9924396 | | | | | 988639 | 1974963 | 76564163 | 78559101 |
| दिल्ली | | | 2324062 | 2327271 | | | 808382 | 767666 | | | 694861 | 2715930 | 45913363 | 48069725 |
| गुजरात | 4096413 | 4192723 | | | 8226967 | 8310738 | 183948 | 174456 | | | 1462574 | 2820692 | 63373996 | 65314391 |
| हरियाणा | 3459760 | 3537545 | | | | | | | | | 678893 | 1153934 | 22239850 | 22967344 |
| हिमाचल प्रदेश | 1921532 | 1948409 | | | | | | | | | 176772 | 345831 | 9327271 | 9503853 |
| जम्मू और कश्मीर | 1447703 | 1491935 | | | | | | | | | 82788 | 410891 | 9573852 | 10428635 |
| कर्नाटक | 6941476 | 6952792 | | | | | 990214 | 954094 | | | 999860 | 2260716 | 62603533 | 64447332 |
| केरल | 8351858 | 8483488 | | | | | 297058 | 289720 | | | 578635 | 1218384 | 35597300 | 36548397 |
| कोलकाता | 812107 | 821697 | | | | | 478321 | 463014 | | | 598666 | 1246845 | 25713701 | 26497141 |
| मध्य प्रदेश | 4654999 | 4728681 | | | | | | | | | 893309 | 1962285 | 62848486 | 64379812 |
| महाराष्ट्र | 6258548 | 6337880 | | | 8159140 | 8132873 | | | | | 977086 | 2258827 | 84974254 | 87183302 |
| मुंबई | | | 1288665 | 1293181 | | | | | | | 572444 | 1591063 | 31898564 | 33027339 |
| उत्तर–पूर्व | 1614598 | 1621407 | | | | | | | | | 106560 | 238218 | 11704799 | 11900702 |
| ओड़ीशा | 4676552 | 4693348 | | | | | | | | | 576339 | 1020211 | 31038584 | 31658619 |
| पंजाब | 4166782 | 4270570 | | | | | | | 2975399 | 2978406 | 790018 | 1756278 | 33270536 | 34514578 |
| राजस्थान | 4792815 | 4865479 | | | | | 1902826 | 1817717 | | | 961505 | 1962546 | 61144049 | 62614138 |
| तमिलनाडु(चेन्नई सहित) | 8844329 | 8856710 | | | | | 622257 | 604280 | | | 1066478 | 2412676 | 82199778 | 83476704 |
| उत्तर (प्रदेश–पूर्व) | 10119574 | 10279480 | | | 12624993 | 12960576 | | | | | 894394 | 1706236 | 94808239 | 96610129 |
| उत्तर प्रदेश (पश्चिम) | 4975721 | 5094471 | | | 8523574 | 8438899 | 128297 | 125580 | | | 850054 | 1850349 | 58468777 | 60069388 |
| पश्चिम बंगाल | 1742686 | 1763507 | | | | | 1306805 | 1263026 | | | 539937 | 1138407 | 51855763 | 53024580 |
| **कुल** | **93765354** | **94952784** | **3612727** | **3620452** | **52857799** | **53264664** | **6718108** | **6459553** | **2975399** | **2978406** | **15979745** | **35611874** | **1049742127** | **1078422215** |
| जुड़े नए उपभोक्ताओं की निवल संख्या | | 1187430 | | 7725 | | 406865 | | -258555 | | 3007 | | 19632129 | | 28680088 |

अनुलग्नक–**II**

## अक्टूबर, 2016 के माह के दौरान अधिकतम वीएलआर की तिथि को वीएलआर का अनुपात (प्रतिशत में)

| सेवा क्षेत्र | एयरसेल | भारती | बीएसएनएल | क्वाड्रेन्ट | आइडिया | एमटीएनएल | रिलायन्स कम्यु. | रिलायन्स जियो | सिस्टेमा | टाटा | टेलीनॉर | वोडाफोन | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आन्ध्र प्रदेश | 63.84 | 97.12 | 83.47 | | 100.23 | | 97.58 | 86.71 | | 89.34 | 76.79 | 83.52 | **91.49** |
| असम | 83.67 | 96.09 | 86.20 | | 96.51 | | 4.01 | 90.76 | | | | 102.61 | **86.82** |
| बिहार | 85.93 | 96.83 | 71.97 | | 100.79 | | 8.73 | 102.75 | | 74.32 | 70.87 | 106.48 | **88.92** |
| दिल्ली | 63.74 | 95.39 | | | 101.66 | 54.06 | 97.63 | 92.00 | 47.28 | 59.41 | | 99.94 | **88.78** |
| गुजरात | 2938.87 | 95.39 | 82.17 | | 102.40 | | 97.95 | 87.92 | 50.34 | 75.93 | 71.69 | 93.24 | **91.95** |
| हरियाणा | 0.39 | 97.87 | 54.22 | | 102.14 | | 98.42 | 97.33 | | 83.45 | | 96.57 | **89.98** |
| हिमाचल प्रदेश | 50.81 | 94.60 | 74.78 | | 110.35 | | 98.92 | 96.62 | | 35.27 | | 90.25 | **86.86** |
| जम्मू और कश्मीर | 79.54 | 95.30 | 79.44 | | 102.06 | | 46.57 | 73.21 | | | | 90.33 | **83.37** |
| कर्नाटक | 59.22 | 99.51 | 73.23 | | 100.59 | | 97.85 | 91.19 | 70.04 | 90.73 | | 91.92 | **92.04** |
| केरल | 70.46 | 94.09 | 80.06 | | 105.25 | | 97.97 | 89.60 | 63.82 | 87.48 | | 91.68 | **92.94** |
| कोलकाता | 69.25 | 96.09 | 96.56 | | 92.66 | | 98.77 | 82.51 | 94.40 | 81.99 | | 96.95 | **89.99** |
| मध्य प्रदेश | 0.92 | 96.96 | 79.87 | | 104.23 | | 98.76 | 93.67 | | 77.82 | | 75.61 | **94.75** |
| महाराष्ट्र | 56.64 | 98.36 | 81.06 | | 102.15 | | 98.07 | 107.68 | | 81.10 | 74.64 | 95.91 | **93.16** |
| मुंबई | 55.31 | 95.19 | | | 89.55 | 72.03 | 96.91 | 73.18 | | 83.76 | | 87.40 | **86.06** |
| उत्तर–पूर्व | 63.53 | 96.28 | 70.20 | | 95.92 | | 6.91 | 97.73 | | | | 93.31 | **79.99** |
| ओड़ीशा | 59.50 | 96.70 | 77.72 | | 97.97 | | 8.44 | 86.60 | | 81.46 | | 105.38 | **82.07** |
| पंजाब | 61.66 | 99.46 | 73.64 | 49.53 | 101.56 | | 98.68 | 88.00 | | 74.96 | | 90.56 | **87.25** |
| राजस्थान | 54.18 | 96.40 | 76.30 | | 101.98 | | 98.72 | 98.24 | 63.03 | 115.16 | | 93.18 | **90.23** |
| तमिलनाडु (चेन्नई सहित) | 67.49 | 96.63 | 80.03 | | 96.80 | | 98.14 | 91.80 | 57.46 | 75.76 | | 99.16 | **86.37** |
| उत्तर (प्रदेश–पूर्व) | 70.08 | 98.89 | 71.32 | | 104.81 | | 98.56 | 112.69 | | 76.16 | 72.28 | 94.74 | **89.47** |
| उत्तर प्रदेश (पश्चिम) | 98.98 | 98.96 | 63.94 | | 101.46 | | 98.69 | 104.23 | 52.50 | 79.12 | 75.17 | 98.20 | **92.13** |
| पश्चिम बंगाल | 79.75 | 97.51 | 87.72 | | 104.04 | | 8.07 | 106.98 | 67.23 | 59.17 | | 100.59 | **90.76** |
| **कुल** | **68.93** | **97.21** | **76.44** | **49.53** | **101.73** | **60.48** | **86.31** | **93.70** | **64.23** | **81.56** | **73.21** | **95.25** | **89.99** |

**नोट :** इनरोमर्स की बड़ी संख्या के कारण कुछ सेवा प्रदाताओं के कुछ सेवा क्षेत्रों के अधिकतम वीएलआर आंकड़े, एचएलआर आकड़ों से अधिक हैं।

# वायरलाइन सब्सक्राईबर आधार

अनुलग्नक–III

| सेवा क्षेत्र | सेवा प्रदाता समूह | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | बीएसएनएल | | एमटीएनएल | | भारती | | रिलायन्स | | टाटा | | क्वाड्रेन्ट | | सिस्टेमा | | वोडाफोन | | कुल | |
| | सितंबर, 2016 | अक्टूबर, 2016 | सितंबर, 2016 | अक्टूबर, 2016 | सितंबर, 2016 | अक्टूबर, 2016 | सितंबर, 2016 | अक्टूबर, 2016 | सितंबर, 2016 | अक्टूबर, 2016 | सितंबर, 2016 | अक्टूबर, 2016 | सितंबर, 2016 | अक्टूबर, 2016 | सितंबर, 2016 | अक्टूबर, 2016 | सितंबर, 2016 | अक्टूबर, 2016 |
| आन्ध्र प्रदेश | 1234923 | 1233735 | | | 154512 | 155429 | 75756 | 75726 | 171362 | 170915 | | | | | 11,010 | 11,040 | 1647563 | 1646845 |
| असम | 155682 | 156272 | | | | | | | | | | | | | 1,950 | 1,950 | 157632 | 158222 |
| बिहार | 302111 | 303313 | | | | | 6,299 | 6,370 | 13,081 | 12,994 | | | | | 1170 | 1200 | 322661 | 323877 |
| दिल्ली | | | 1612218 | 1611391 | 1254086 | 1258661 | 174416 | 174334 | 134909 | 135348 | | | | | 24,120 | 26,760 | 3199749 | 3206494 |
| गुजरात | 1104443 | 1104395 | | | 76021 | 76031 | 73694 | 73490 | 87407 | 87262 | | | | | 5,370 | 5,490 | 1346935 | 1346668 |
| हरियाणा | 290,269 | 290,318 | | | 22416 | 22525 | 4397 | 4247 | 36974 | 37341 | | | | | | | 354056 | 354431 |
| हिमाचल प्रदेश | 149,374 | 148,242 | | | | | 4074 | 3984 | 2641 | 2633 | | | | | 30 | 30 | 156119 | 154889 |
| जम्मू और कश्मीर | 129,354 | 133,096 | | | | | | | | | | | | | | | 129354 | 133096 |
| कर्नाटक | 1228467 | 1230009 | | | 617140 | 617475 | 154215 | 154724 | 207440 | 208025 | | | | | 19,500 | 21,540 | 2226762 | 2231773 |
| केरल | 2039586 | 2032227 | | | 57278 | 57387 | 33186 | 33156 | 18739 | 18625 | | | | | 1620 | 1710 | 2150409 | 2143105 |
| कोलकाता | 630643 | 624318 | | | 119150 | 119802 | 69154 | 69154 | 49255 | 48524 | | | | | 5190 | 5220 | 873392 | 867018 |
| मध्य प्रदेश | 724554 | 725901 | | | 272973 | 272987 | 19732 | 19751 | 16380 | 16026 | | | | | 420 | 420 | 1034059 | 1035085 |
| महाराष्ट्र | 1428521 | 1426712 | | | 76564 | 77153 | 82540 | 82344 | 284392 | 284868 | | | | | 12,402 | 12,634 | 1884419 | 1883711 |
| मुंबई | | | 1848292 | 1874426 | 351977 | 352504 | 255230 | 255682 | 533345 | 530492 | | | | | 19914 | 20067 | 3008758 | 3033171 |
| उत्तर–पूर्व | 122655 | 122550 | | | | | | | | | | | | | 150 | 150 | 122805 | 122700 |
| ओड़ीषा | 278217 | 277846 | | | | | 3293 | 3281 | 8334 | 8242 | | | | | 1,080 | 1,080 | 290924 | 290449 |
| पंजाब | 616366 | 615575 | | | 117126 | 117983 | 21284 | 21104 | 16979 | 16850 | 259732 | 259229 | | | 930 | 990 | 1032417 | 1031731 |
| राजस्थान | 621367 | 618795 | | | 48304 | 48334 | 20164 | 20063 | 11771 | 11892 | | | 58671 | 58021 | 2,010 | 2,070 | 762287 | 759175 |
| तमिलनाडु (चेन्नई सहित) | 1748466 | 1748814 | | | 542900 | 545151 | 134097 | 134075 | 109746 | 110227 | | | | | 9270 | 9690 | 2544479 | 2547957 |
| उत्तर (प्रदेश–पूर्व) | 383493 | 383648 | | | 63816 | 63848 | 34822 | 34815 | 15485 | 15480 | | | | | 1,170 | 1,320 | 498786 | 499111 |
| उत्तर प्रदेश (पश्चिम) | 370099 | 369267 | | | 23026 | 23051 | 7187 | 7127 | 10129 | 10058 | | | | | 930 | 1050 | 411371 | 410553 |
| पश्चिम बंगाल | 333714 | 332707 | | | | | 1943 | 1977 | 3947 | 3920 | | | | | 60 | 60 | 339664 | 338664 |
| **कुल** | **13892304** | **13877740** | **3460510** | **3485817** | **3797289** | **3808321** | **1175483** | **1175404** | **1732316** | **1729722** | **259732** | **259229** | **58671** | **58021** | **118296** | **124471** | **24494601** | **24518725** |
| जुड़े नए उपभोक्ताओं की निवल संख्या | | -14564 | | 25307 | | 11032 | | -79 | | -2594 | | -503 | | -650 | | 6175 | | 24124 |

अनुलग्नक–IV

## वायरलैस क्षेत्र में वीएलआर उपभोक्ता

**होम लोकेशन रजिस्टर (एचएलआर)** एक केन्द्रीयकृत डाटाबेस है जिसमें प्रत्येक मोबाइल फोन उपभोक्ताओं की संख्या का ब्योरा अंतर्विष्ट होता है जो कि जीएसएम मुख्य नेटवर्क उपयोग करने के लिए प्राधिकृत है। एचएलआर में सेवा प्रदाता द्वारा जारी प्रत्येक सिम कार्ड का ब्यौरा रखा जाता है। प्रत्येक सिम की एक विशिष्ट पहचान होती है जिसे अंतर्राष्ट्रीय मोबाइल पहचान (आईएमएसआई) कहते हैं, जोकि प्रत्येक एचएलआर रिकार्ड की प्राथमिक कुंजी होता है। एचएलआर डॉटा को तब तक सुरक्षित रखा जाता है जब तक उपभोक्ता, सेवा प्रदाता के साथ जुड़ा रहता है। एचएलआर प्रशासनिक क्षेत्रों में उपभोक्ताओं की स्थिति को अद्यतन कर उपभोक्ताओं के अंतरण का भी प्रबंधन करता है। यह विजिटर अवस्थिति रजिस्टर (वीएलआर) उपभोक्ता का डाटा भेजता है।

**उपभोक्ताओं की संख्या** के बारे में सेवा प्रदाता द्वारा दी गई संख्या, सेवा प्रदाता के एचएलआर में पंजीकृत आईएमएसआई की संख्या तथा नीचे दिए गए अन्य आंकड़ों का जोड़ हैः–

| | |
|---|---|
| 1. | **एचएलआर में कुल आईएमएसआई (ए)** |
| 2. | घटाः (बी=क+ख+ग+घ+ङ) |
| क. | जांच/सेवा कार्ड |
| ख. | कर्मचारी |
| ग. | हस्तगत स्टॉक/संवितरण चेनल (एक्टिव कार्ड) |
| घ. | उपभोक्ताओं को बनाए रखने की अवधि की समाप्ति |
| ङ | कनेक्शन को बंद किए जाने के दौरान सेवा समाप्ति |
| 3. | **उपभोक्ताओं की संख्या (ए – बी)** |

**विजिटर लोकेशन रजिस्टर (वीएलआर)** उपभोक्ताओं का एक अस्थायी डाटाबेस होता है जिन्होंने किसी सेवा प्रदाता के सेवा क्षेत्र के विशिष्ट क्षेत्र में दौरा (रोम–इन) किया है। नेटवर्क में प्रत्येक बेस स्टेशन को केवल एक वीएलआर द्वारा सेवा प्रदान की जाती है। इसलिए, कोई उपभोक्ता एक समय में एक से अधिक वीएलआर में मौजूद नहीं रह सकता है।

यदि उपभोक्ता सक्रिय अवस्था में है अर्थात् वह कॉल करने/प्राप्त करने/एसएमएस भेजने/प्राप्त करने में सक्षम है, तो वह एचएलआर तथा वीएलआर में उपलब्ध है। तथापि, यह संभव है कि उपभोक्ता ने

फोन बंद कर रखा हो अथवा वह कवरेज क्षेत्र से बाहर चला गया हो, पहुंच क्षेत्र से बाहर हो तथा इस कारण वह एचएलआर में पंजीकृत हो तथा वीएलआर में पंजीकृत नहीं हो। ऐसी परिस्थितियों में वह एचएलआर में उपस्थित होगा वीएलआर में नहीं। इससे सेवा प्रदाताओं द्वारा संसूचित उपभोक्ताओं की संख्या तथा वीएलआर में उपलब्ध संख्या के बीच अंतर आ जाता है।

यहां परिकलित वीएलआर डॉटा, जिस विशिष्ट माह के लिए आंकड़ों को संग्रहित किया जा रहा है, उसके लिए अधिकतम वीएलआर की तिथि पर वीएलआर में सक्रिय उपभोक्ताओं के आधार पर परिकलित किया जाता है। यह डाटा ऐसे स्विचों से लिये जाने होते हैं जिनका 72 घंटों से अधिक का 'पर्ज टाइम' (डाटा समाप्ति का समय) न हो।

——————